दिल्ली विधान सभा सचिवालय

समाचार भाग-1

(विधायी तथा अन्य मामलों से संबंधित सामान्य जानकारी)

सोमवार, 2 फरवरी, 1998/माघ 13, 1919 (शक)

संख्या : 369

सदन की समिति का गठन

माननीय सदस्यों को ज्ञात होगा कि दिल्ली विधान सभा द्वारा दिनांक 2 जनवरी, 1998 को सम्पन्न अपनी बैठक में निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किया गया था :-

> "अध्यक्ष महोदय एक पांच सदस्यों की कमेटी मनोनीत करेंगे जो गांव सभा या सरकारी जमीन पर 31.12.1997 तक कब्जों के बारे में तथा जिन व्यक्तियों ने उसे बेचा या खरीदा है या अधिकारियों ने इस संबंध में आदेश दिया है, उसकी जांच करेगी । इस संबंध में 10.1.1998 तक सदस्यों से इस शर्त के साथ शिकायतें आमंत्रित की जायें कि जो सदस्य शिकायत करेगा, यदि उसकी शिकायत झूठी पाई गई तो वह इस सदन से इस्तीफा देगा ।"

2. तदनुसार, विधान सभा सचिवालय द्वारा समाचार भाग-2 (संख्या-367) दिनांक 6 जनवरी, 1998 के द्वारा माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया था कि वे उपरोक्त विषय पर तत्संबंधी सूचना/शिकायतें, यदि कोई हो तो, समिति के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 12.1.1998 तक भिजवाने की कृपा करें ।

3. तदनुसार, माननीय अध्यक्ष ने सहर्ष इस विषय पर निम्नलिखित सदस्यों सहित सदन की एक समिति का गठन किया है :-

1.	श्री मुरारी सिंह पवार	सभापति
2.	श्री पूरन चन्द योगी	सदस्य
3.	श्री नन्द किशोर गर्ग	सदस्य
4.	श्री दीप चन्द बंधु	सदस्य
5.	श्री सूरज प्रसाद पालीवाल	सदस्य

4. श्री पी.एन.गुप्ता समिति के पदेन सचिव होंगे ।

पी.एन.गुप्ता
सचिव

DELHI LEGISLATIVE ASSEMBLY SECRETARIAT

BULLETIN PART - II

(General information relating to Legislative & other matters)

Monday, February, 02, 1998/Magh 13, 1919 (Saka)

No. 369

Constitution of the House Committee

Hon'ble Members would recall that at its sitting held on 2nd January, 1998 the following Motion was passed by the Delhi Legislative Assembly :-

> "That a Committee consisting of 5 members be nominated by the Speaker to inquire into the encroachment or sale or purchase by persons of Government or Gaon Sabha land upto 31.12.1997 and orders issued by the officials in this regard. The complaint in this regard may be invited from members with the condition that if the complaint is found untrue the member concerned will have to resign from the membership of the House."

2. Accordingly, the Assembly Secretariat vide Bulletin Part-II(No. 367) dated 6 January, 1998 had requested the Hon'ble members to send the requisite information/complaints, if any, on the aforesaid subject, by 12.1.1998 positively for being placed before the Committee.

3. Accordingly, Hon'ble Speaker is pleased to constitute a House Committee on the subject consisting of the following Members :-

1.	Shri Murari Singh Panwar	Chairman
2.	Shri Puran Chand Yogi	Member
3.	Shri Nand Kishore Garg	Member
4.	Shri Deep Chand Bandhu	Member
5.	Shri Suraj Prasad Paliwal	Member

4. Shri P.N. Gupta will be ex officio Secretary to the Committee.

P.N. GUPTA
SECRETARY